ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-03-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-03-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-03-13	2021-03-14	2021-03-15	2021-03-16	2021-03-17
वर्षा (मिमी)	5.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	29.0	31.0	31.0	32.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	16.0	15.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	75	70	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	35	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	8.0	8.0	10.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	300	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	3	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (5 – 11 मार्च 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 28.5 से 31.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 8.9 से 19.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 74 से 94 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 32 से 66 प्रतिशत एवं हवा 0.5 से 7.3 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा, आज कहीं-कहीं हल्की बारिश व तेज हवा के पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 29.0 से 32.0 व 14.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.35-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा लेकिन आज कहीं-कहीं हल्की बारिश व तेज हवा के पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की बुवाई करें। मूंग की पंत मूंग -5, सम्राट आदि प्रजातियो की की बुवाई 25-30 सेमी0 की दूरी पर बनी लाईनों में करे। बीज की दर 20-25 किलोग्राम रखें। बुवाई की गहराई 3-4 सेमी रखें।
गेहूँ	दाने जब दुग्धावस्था मे हो तो आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। सिंचाई के उपरान्त तेज हवा से फसल को गिरने से बचाव हेतु सिंचाई शाम को जब हवा मंद हो करे। सिंचाई हल्की करें।
गन्ना	बसंतकालीन गन्ना की बुवाई पूर्ण करें। गन्ना बीज हेतु गन्ना के उपरी दो तिहाई भाग का प्रयोग करेंगें। प्रति हैक्टर 3 आँखें वाले 40-50 हजार टुकड़े प्रयोग करें। लाईन पूरब-पश्चिम दिशा में 75 से0मी0 की दूरी पर बनाए। उर्द और मूंग की फसले बसंतकालीन गन्ने की दो लाईनो के बीच अन्तः फसलो के रुप में भी उगाई जा सकती है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम के विल्ट को नियंत्रित करने के लिए, प्रभावित पेड़ की थायोफनेट मिथाइल के 2 ग्राम प्रति लीटर के घोल से ड्रेंचिग करे और इस प्रक्रिया को 15 दिनों के अंतराल पर दोहराएं।
मिर्च	मिर्च व टमाटर की फसल मे रोपाई करने से पूर्व जड़ो को एमिडाक्लोरपिड 1 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर 10-15 मिनट तक डुबाने के बाद रोपाई करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें। इस समय पशुओं में बॉझपन और जोहन की बीमारी होने की अधिक संम्भावना है। इस स्थिति में पशुओ का तत्काल इलाज करवाए।